प्रादेशिक समाचार
13.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'इंडियाज टेकेड चिप्स फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम में शामिल हुए और करीब सवा लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने में इससे मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि चिप मैनुफैक्चरिंग सिर्फ एक इंडस्ट्री नहीं है, ये विकास का वो द्वार खोलती है, जो असीम संभावनाओं से भरा हुआ है। इस सेक्टर से न सिर्फ भारत में रोजगार के नए अवसर बनने वाले हैं, बल्कि तकनीकी उन्नति के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होने वाली।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वंचित वर्गों को ऋण सहायता उपलब्ध कराने से जुड़े एक राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क समारोह में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। श्री मोदी, प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण–पीएम सूरज पोर्टल का शुभारंभ करेंगे और वंचित वर्गों से जुड़े एक लाख उद्यमियों को ऋण सहायता उपलब्ध करायेंगे।

****

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होनेवाले चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में प्रदीप कुमार वर्मा और डॉ0 सरफराज अहमद द्वारा भरा गया नामांकन पत्र सही पाया गया है। एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार वर्मा ने तीन सेटों में और इंडी प्रत्याशी डॉ0 सरफराज अहमद ने दो सेटों में नामांकन दाखिल किया है। राज्यसभा चुनाव के सिलसिले में चौदह मार्च नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इन दोनों में से कोई भी नाम वापस नहीं लेते हैं तो चौदह मार्च को ही प्रदीप कुमार वर्मा और डॉ0 सरफराज अहमद निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिये जाएंगे।

****

केन्द्र सरकार ने आधार कार्ड में बिना किसी शुल्क के अपडेट करने की तारीख बढ़ाकर आगामी 14 जून कर दी है। पहले यह तिथि चौदह मार्च निर्धारित की गयी थी। अब लोग नजदीकी आधार केंद्र या आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से चौदह जून तक अपनी जानकारी निःशुल्क अपडेट करा सकते हैं।

****

बलियापुर प्रखंड कार्यालय सभागार में आज सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर बैठक की। बैठक में उन्होंने आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन की जानकारी दी।

****

आगामी लोक सभा चुनाव और होली को देखते हुए चतरा जिले में अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन की ओर से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक 40 लीटर अवैध देशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर आज द्वितीय मतदान पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैकड़ों कर्मियों ने हिस्सा लिया।

****

रामगढ़ में चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी मतदान कर सकेंगे, इसे लेकर उचित कदम उठाये गये हैं।

****

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पी. एम. पोषण योजनान्तर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बंधित एजेंसी को जल्द से जल्द बैकलॉग चावल का वितरण करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों को ससमय मध्याह्न भोजन मिलता रहे।

****

राजधानी रांची स्थित रिम्स में डॉक्टर और मरीजों के परिजनों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस और रिम्स प्रबंधन मामले की जांच में जुट गई है।

******समाप्त******